भारत सरकार
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3486
मंगलवार, दिनांक 01 अप्रैल, 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>पीएम सूय घर: मुफ्त बिजली योजना की प्रगति</u>

3486. श्री नीरज डांगी:
श्री अखिलेश प्रसाद सिंह: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना की वर्तमान स्थिति क्या है तथा मार्च, 2025 तक इस योजना के अंतर्गत छत पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना से कितने आवासीय परिवार लाभान्वित होंगे;

(ख) इस योजना के अंतर्गत प्राप्त, स्वीकृत तथा लंबित आवेदनों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है तथा सब्सिडी वितरण में विलंब के क्या कारण हैं; और

(ग) इस पहल का घरेलू बिजली व्यय में कमी लाने तथा जनता के बीच नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाए जाने को बढ़ावा देने पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

उत्तर
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) और (ख): पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजी: एमबीवाई) के अंतर्गत, दिनांक 19.03.2025 की स्थिति के अनुसार, योजना के राष्ट्रीय पोर्टल पर कुल 47.85 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं और 10.42 लाख परिवारों को रूफटॉप सौर संयंत्रों की स्थापना से लाभान्वित होने की सूचना प्राप्त हुई है। इसके अलावा, योजना के तहत केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) के रूप में लगभग 5077 करोड़ रुपये की राशि भी वितरित की गई है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

पीएमएसजी: एमबीवाई के तहत, आवेदन से लेकर सीएफए वितरण तक की समस्त प्रक्रिया राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन है। राष्ट्रीय पोर्टल पर सभी आवश्यक प्रमाणपत्र (क्रेडेंशियल) सही ढंग से दर्ज किए जाने के साथ, उपभोक्ता द्वारा किए गए ऋणमुक्ति अनुरोध के बाद सीएफए को संसाधित करने में लगने वाला औसत समय लगभग 15 दिन है।

(ग) पीएमएसजी: एमबीवाई का आवासीय उपभोक्ताओं के बिजली बिल में कमी लाने और जनता के बीच अक्षय ऊर्जा को अपनाने को बढ़ावा देने पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। इस संबंध में अनुमानों से पता चलता है कि इस योजना के तहत लगभग 45 प्रतिशत आवासीय उपभोक्ताओं को रूफटॉप सौर विद्युत संयंत्र लगाने पर शून्य बिजली बिल प्राप्त हो रहा है। पीएमएसजी: एमबीवाई की शुरुआत से पूर्व पिछले 10 वर्षों के दौरान मंत्रालय की पिछली योजनाओं के तहत आवासीय क्षेत्र में केवल 7.94 लाख रूफटॉप सौर विद्युत संयंत्र लगाए गए थे, जिसकी तुलना में इस योजना के शुभारंभ के बाद से लगभग एक वर्ष की अवधि में 10 लाख से अधिक परिवारों को लाभ हुआ है।

अनुलग्नक

'पीएम सूय घर: मुफ्त बिजली योजना की प्रगति' के संबंध में पूछे गए दिनांक 01.04.2025 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3486 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 19.03.2025 की स्थिति के अनुसार पीएमएसजी: एमबीवाई के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रगति

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	आवेदन (संख्या)	लाभान्वित परिवार (संख्या)	जारी सीएफए (करोड़ में)
1	आंध्र प्रदेश	11,64,150	16,556	79.92
2	अरुणाचल प्रदेश	94	-	-
3	असम	3,04,859	10,142	52.45
4	बिहार	70,919	4,971	23.61
5	छत्तीसगढ़	37,351	2,299	7.58
6	गोवा	4,511	828	2.87
7	गुजरात	3,99,351	4,04,464	2,031.43
8	हरियाणा	1,66,338	21,600	96.75
9	हिमाचल प्रदेश	6,358	1,673	8.99
10	झारखंड	7,138	261	1.27
11	कर्नाटक	2,15,785	10,127	43.22
12	केरल	1,28,910	80,856	492.06
13	मध्य प्रदेश	62,465	31,086	189.85
14	महाराष्ट्र	5,68,346	2,47,610	889.14
15	मणिपुर	772	220	1.31
16	मेघालय	2,050	18	0.08
17	मिजोरम	666	129	0.73
18	नागालैंड	245	8	0.05
19	ओडिशा	95,079	3,193	16.13
20	पंजाब	14,704	5,385	31.58
21	राजस्थान	2,29,852	33,872	207.34
22	सिक्किम	58	4	0.02
23	तमिलनाडु	83,500	29,211	141.16
24	तेलंगाना	46,585	13,677	55.23
25	त्रिपुरा	3,533	168	0.89
26	उत्तर प्रदेश	10,50,448	95,842	550.68
27	उत्तराखंड	47,004	19,767	125.78
28	पश्चिम बंगाल	26,787	459	-
29	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	176	17	0.06
30	चंडीगढ़	1,377	641	1.80
31	दादरा नगर हवेली तथा दमन और दीव	1,625	136	0.48
32	जम्मू और कश्मीर	33,521	2,597	9.22
33	लद्दाख	692	346	2.48
34	लक्षद्वीप	718	261	1.73
35	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	8,409	3,251	6.99
36	पुडुचेरी	1,451	745	4.41
	कुल	47,85,827	10,42,420	5,077.27

*****